# मालपुरा में अतिक्रमणों पर चला पालिका का पीला पंजा

**मालपुरा** (निस) मालपुरा नगरपालिका शहरी क्षैत्र स्थित शास्त्री नगर विस्तार मे 51 आवासीय भूखण्डो की ई-निलामी से पूर्व गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी व कार्यवाहक पालिका ईओ अमित कुमार चौधरी के आदेशो पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट के सुपरविजन मे पालिका प्रशासन ने बडी कार्यवाही करते हुये सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमणो पर जेसीबी का पीला पंजा चला दर्जनो अतिक्रमण किये ध्वस्त। जयनारायण जाट ने बताया कि शास्त्री नगर विस्तार योजना मे प्रस्तावित आवासीय कॉलोनी के रिक्त पडे 51 आवासीय भूखण्ड जिनकी 20 जनवरी से 24 जनवरी तक ई-निलामी के जरिये 99 वर्षिय लीज हॉल्ड के आधार पर निलामी की जानी है।

शास्त्री नगर विस्तार योजना मे रिक्त पडे भूखण्डो व बेसकिमती जमीन पर लम्बे समय से पालिका द्वारा निलामी नही किये जाने के चलते कई लोगो ने कच्चे-पक्के निर्माण कर बडे भाग पर अतिक्रमण कर लिया। पूर्व मे इन लोगो को सुचित करने के बावजूद सरकारी जमीन खाली नही की गई। जबकि 20 जनवरी से इन भूखण्डो की निलामी होने की सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है। गुरूवार को भारी लवाजमे के साथ मौके पर पहुंचे जयनारायण जाट की देखरेख मे सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। तो बडी संख्या मे लोगो की भीड जमा हो गई। जिसकी सुचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम व ईओ अमित चौधरी भी मौके पर पहुंच काबिज लोगो को अपने अतिक्रमण हटाने की समझाईश कर सामान जप्ती की चेतावनी दी गई। साथ ही मौके पर मौजूद भूमि शाखा लिपिक निहाल चन्द जैन से उक्त भूमि पर पूर्व मे जारी किये गये पट्टो सम्बन्धि जानकारी ले आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

जिस पर निहाल जैन ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रशासन द्वारा आमजन से अपील करते हुये सुचना दी गई थी कि निलामी के लिये चिन्हित किये गये 51 आवासीय भूखण्डो से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति के पास यदि स्वामित्व के दस्तावेज हो तो अन्दर मियाद तीन दिवस मे पालिका ईओ के समक्ष प्रस्तुत करे। अपील के बाद कई लोगो ने अपने दस्तावेज प्रशासन के समक्ष पेश भी कर दिये। गुरूवार को दर्जनो भूखण्डो से अतिक्रमण हटा निर्माण सामग्री सहित अन्य रखी गई सामग्री को भी जप्ती की कार्यवाही की गई। पूर्व सहवृत्त पार्षद व एडवोकेट प्रेमप्रकाश सैनी ने पालिका प्रशासन की कार्यवाही पर सवालियां निशान व नियमो के विरूद्ध कार्यवाही का आरोप लगाते हुये बताया कि बिना नोटिस दिये पक्की चार दिवारी या पक्के निर्माण को तोडना असवेधानिक है। प्रशासन को इस प्रकार तानाशाही करने के बजाय विधि सम्वत कार्यवाही करना चाहिये था। लेकिन प्रशासन ने आज बिना सुचना व नोटिस के ही पक्के निर्माणो पर तोडफोड की कार्यवाही की है।



मालपुरा शास्त्री नगर विस्तार योजना में पालिका प्रशासन ने सरकारी जमीन व भूखण्डों से अतिक्रमण हटाये ।

- 51 भूखण्डों की निलामी से पूर्व पालिका ने की बडी कार्यवाही
- पूर्व सहवृत्त पार्षद ने पालिका की कार्यशैली पर लगाया सवालिया निशान

एडवोकेट सैनी ने बताया कि पालिका द्वारा की जा रही 51 भूखण्डो की ई-निलामी के बजाय खुली बोली से निलामी करवानी चाहिये जिससे की बाहुबलियों के बजाय आमजन भी निलामी के जरिये खुली बोली से भूखण्ड खरीद सके। एडवोकेट सैनी ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि पूर्व मे भी पालिका प्रशासन द्वारा जो फर्जी पट्टे जारी किये गये थे उनकी आज तक जांच नही की गई आखिर क्यों? प्रशासन शहर के संग अभियान की आड मे पूर्व मे शहर मे लगभग सैंकडो पट्टे जारी किये गये है जिनमे से दर्जनो पट्टो मे दर्शाई गई जानकारी मिथ्या है।

## संक्षिप्त

### कविता ने जीता गोल्ड पदक

**श्रीमाधोपुर।** भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद के तत्वाधान में जयपुर में आयोजित 23वी राष्ट्रीय नेशनल चैंपियनशिप 2024 में राजस्थान की टीम का नेतृत्व करते हुये सीकर जिले की खिलाडी कविता बगड़िया व मोनिका बॉयल ने भाग लिया। चैम्पियन ठ्रुप श्रीमाधोपुर के संचालक व सीकर जिला खेल शिक्षा परिषद के महासचिव आशुतोष कुमावत ने बताया की चैम्पियन स्पोर्ट्स एकेडमी श्रीमाधोपुर के खिलाडी कविता बगड़िया ने जिले का नेतृत्व करते हुए नेशनल चैंपियनशिप एथलेटिक्स में 800 मीटर में गोल्ड व 200 मीटर में सिल्वर मेडल जीता व मोनिका बॉयल ने शॉट पुट में गोल्ड मेडल व डिस्कस थ्रो में सिल्वर मैडल प्राप्त किया कविता ओर मोनिका पहले भी राज्य स्तरीय राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप में कई पदक प्राप्त कर चुकी है नेशनल गेम में राजस्थान की टीम का नेतृत्व कर पदक जीत कर आने पर खिलाडीयो को राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह लाडली, संस्थान संचालक अमृता कुमावत चैम्पियन ठ्रुप श्रीमाधोपुर सीकर व्यवस्थापक नारायण कुमावत व चैम्पियन स्पोर्ट्स एकेडमी, चैम्पियन डिफेंस अकादमी, चैम्पियन डांस एकेडमी, चैम्पियन स्पोर्ट्स एंड न्यूट्रिशन हाउस, सूरजभान स्पोर्ट्स एकेडमी, अखाड़ा द फिटनेस जोन श्रीमाधोपुर आदि संस्थाओं ने सम्मानित कर बधाई देकर व मुंह मीठा कराया।

### रक्तदान शिविर आज

**श्रीमाधोपुर ।** सर्व समाज श्रीमाधोपुर की ओर से 3 जनवरी शुक्रवार को सावित्रीबाई फुले जयंती पर सीकर बाजार स्थित स्टेप बाय स्टेप इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होने वाले विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को लेकर खंडेला बाजार स्थित सांवलिया सुपरमार्ट सहित इलाके के अनेकों स्थानों पर पोस्टर विमोचन किया गया ।रक्तदान शिविर को लेकर समिति ओर सर्व समाज के लोगों के द्वारा गांव-गांव व ढाणियों और मोहल्ले में जाकर पोस्टर विमोचन लगातार किए जा रहे हैं और लोगों को रक्तदान करने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है ।सांवलिया सुपरमार्ट पर भी पोस्टर विमोचन के साथ मौजूद लोगों को सूचित रक्तदान शिविर में हिस्सा लेने का आठाह किया गया और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदान महादान में सहयोग करने का आठाह किया। सुरेश ड्राइविंग ने बताया गुरुवार को नगर पालिका व ब्लॉक में रक्तदान शिविर को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया ।इस मौके पर ब्लॉक के सभी अधिकारी गण और नगर पालिका की पार्षद अध्यक्ष हरि नारायण मंहत मौजूद रहे ।पोस्टर विमोचन के समय सर्व समाज के लोगों ने पोस्टर विमोचन में हिस्सा लेकर रक्तदान सिविल में सम्मिलित होने का भरोसा भी दिया । इस अवसर पर धारी का निर्देशक मनोज भालोठिया , तनसुख कुमावत पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, दिनेश कटारिया, परमेश्वर सांखला, सुरेश सैनी, धर्मेंद्र योगी, सुभाष गढ़वाल, शंकर चौधरी, अनिल कटारिया राकेश सैनी, ज्ञानदीप, रणजीत सिंह, रवि प्रकाश सैनी, दयाराम सैनी पार्षद, अरविंद कुमावत, गोपाल सैनी, ख्यालीराम वर्मा, रमेश समोता, नरेंद्र सैनी, ओम प्रकाश प्रधान, हरि सिंह नगरिया, कैलाश चंद्र सैनी, बनवारी कटारिया, पुष्कर राज दहिया, रंजीत बराला, मुकेश सैनी, सुनील बुराडिया, श्याम सुंदर अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल सहित रक्तदान समिति के कार्यकर्ता घर-घर ढाणी ढाणी जाकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

### 'कार्यालयों में व्यवस्थाएं पुख्ता रखे'

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज थानागाजी क्षेत्रा का दौरा कर उपखण्ड कार्यालय का निरीक्षण व जनसुनवाई की तथा पुलिस थाना, सीएचसी, रीपूकाबास सरकारी स्कूल में आईसीटी लैब एवं इंदौक में पीएम कुसुम योजना का फील्ड निरीक्षण सहित सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर उपखण्ड अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को सरकारी कार्यालयों में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप में संचालित रखने, आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण करने एवं पात्रा लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने थानागाजी के उपखण्ड कार्यालय, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, उपकोष कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत उपखण्ड स्तर पर आयोजित जनसुनवाई एवं सम्पर्क पोर्टल पर आने वाली आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि रजिस्टर, पत्रावलियां आदि का नियमित रूप से संधारण करे। कार्यालय में ई-वर्क को अपनाते हुए ई-पेपर का यूज करें।

## सार-समाचार

### 'खिलाड़ी खेल को भाईचारे के साथ खेले'



**सिकराय** (निसं)आमटेडा की गोला की कोठी पर गुरुवार नववर्ष 2025 पर क्रिकेट ग्राउंड में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच में पापडदा और रामसिंहपुरा की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। पापडदा ने 12 रनों से यह मुकाबला जीतकर प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आशा देल्यासा व अतिथियों ने ठाउंड में खिलाड़ियों का परिचय कर व प्रतियोगिता का फीता काटकर किया। इस दौरान ग्राउंड में आशा देल्यासा ने बल्लेबाजी कर बॉल खेलते हुए खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को खेल आपस में भाईचारे के साथ खेलना चाहिए। प्रतियोगिता में हार व जीत होती रहती है। उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को हार नहीं मानते हुए पुनः प्रयास कर जीत की ओर अठासर होना चाहिए। उन्होंने ने कहा की पढ़ाई के साथ विर्थियों को खेल भी खेलना चाहिए ताकि पढ़ाई के साथ शारीरिक व मानसिक विकास भी हो। प्रतियोगिता में पापडदा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 50 रन बनाए। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामसिंहपुरा की टीम ने 8 विकेट गंवाकर 10 ओवरों में केवल 38 रन ही बना सकी। पापड़दा के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाई। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सरपंच रमेश चंद गुप्ता, पूर्व सरपंच गोपाल मीणा,राजेंद्र मीणा , अनिल मीना व बड़ी संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

### 5 मोटर साइकिल नीलाम

**निवाई ।** न्यायालय के आदेशों पर एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त पांच मोटरसाइकिलें नीलाम की गई। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के दर्ज मामलों में पुलिस द्वारा जब्त निवाई थाने की 4 व पीपलू थाने की 1 मोटरसाइकिल को न्यायालय के आदेशों पर खुली बोली के माध्यम से नीलामी की गई। पांचों वाहनों की खुली नीलामी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्रसिंह भाटी के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि दर्ज मामलों में जब्तशुदा वाहनों का किसी ने भी मालिकाना हक नहीं जताया। इस पर माननीय न्यायालय ने मामलों का निस्तारण करते हुए जब्तशुदा पांचों मोटरसाइकिलों को खुली नीलामी में बेचने के लिए निर्देशित किया था। उन्होंने बताया कि दुपहिया वाहनों की नीलामी के लिए गुरुवार को सैंकडों खरीददार खुली बोली में शामिल होने आए। खुली नीलामी में पांचों दुपहिया वाहनों की खुली बोली लगाई गई। थानाधिकारी वर्मा ने बताया कि खुली बोली में पांचों दुपहिया वाहन 2 लाख 19 हजार 500 रुपए में बेचे गए। खरीददारों ने वाहनों की नकद राशि थाने में जमा करवाई।

### आर्थिक सहायता राशि मंजूर

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अलग-अलग दुर्घटनाओं में मृतक 23 व्यक्तियों के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 23 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक हिमांशु शर्मा पुत्र दिनेश कुमार शर्मा निवासी ग्राम धुवांकला तहसील नगरफोर्ट, रामकिशन यादव पुत्र कालूराम निवासी ग्राम तारण तहसील टोंक, विकास कुमार हरिजन पुत्र राजेश निवासी ग्राम वनस्थली तहसील निवाई, भागचंद सैन पुत्र हनुमान सैन निवासी ग्राम गनवर तहसील मालपुरा, रमेश सैनी , गोविंद , मृतक आशाराम मीणा, विक्रम पुत्र शिवराज जाट ग्राम पालड़ी तहसील टोंक, राकेश कुमार चौधरी आदि को दी।

## आंदोलन में शामिल हुआ निवाई के किसानों का दल

**निवाई-** न्यूनतम समर्थन मूल्य को गारंटी कानून बनाने की मांग को लेकर किसान महापंचायत के तत्वावधान में जयपुर में एकदिवसीय आंदोलन में निवाई के किसानों का दल आंदोलन में शामिल हुआ।

महापंचायत के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को गारंटी कानून बनाने की मांग एवं हरियाणा पंजाब बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के आ ान पर जयपुर में शहीद स्मारक पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने आयोजित एक दिवसीय आंदोलन में निवाई क्षेत्र के किसानों का दल शामिल हुआ। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिला मंत्री शंकरलाल मीणा, कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी खेड़ा व राधाकृष्ण मीना सहित कई किसान मौजूद थे।

## प्रवक्ता रामकरण यादव शेखावाटी गौरव अवॉर्ड 2025 से सम्मानित

**कोटपूतली ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत पवाना अहीर निवासी प्रवक्ता रामकरण यादव को शिक्षा जगत के साथ-साथ समाज सेवा में अग्रणी भूमिका एवं सराहनीय योगदान के लिए शिमला (खेतड़ी) में आयोजित टी सी प्रकाश स्मृति सम्मान समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा समारोह में शेखावाटी गौरव अवॉर्ड 2025 प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह रहे। जबकि अध्यक्षता सेवानिवृत आईएएस डॉ. मनोज कुमार ने की। वहीं विशिष्ठ अतिथि गांधी पीस नेपाल के फाउंडर डॉ. लाल बहादुर राणा, डॉ. हरिसिंह गौदारा अवार्डी उदयपुरवाटी, डॉ. संदीप नेहरा बुहाना, विश्व के महान मूर्तिकार मातूराम वर्मा (श्रीराम मंदिर रचनाकार) पचार पीठाधीश्वर सौरव राघवाचार्य, सूचना एवं जनसंपर्क डिप्टी डायरेक्टर डॉ. लीलाधर दौचाणियां, एड. उमराव सिंह यादव, एड. डॉ हिमांशु उपाध्याय, डॉ. एल सी जोशी, विप्र महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अंबिका दत्त कौशिक, डॉ. सोनिया गुर्जर, राव ईश्वर सिंह यादव, ठाठवाड़ी सरपंच किशोरी लाल यादव, शिमला सरपंच रीना यादव आदि रहे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को मानद उपाधि एवं गांधी पीस पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक साहित्यकार रामानंद शर्मा ने सभी अतिथियों का वंदन अभिनंदन कर सम्मान किया। संचालन पत्रकार सुनील शर्मा ने किया। अतिथियों ने साहित्यकार रामानंद शर्मा के कार्यों की सराहना की।



प्रवक्ता रामकरण यादव का शेखावाटी गौरव अवॉर्ड 2025 से सम्मान करते।

## शिक्षा विभाग को तबादलों से दूर रखने पर कर्मचारी संघ नाराज

**दौसा ।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण पर लगाए गए प्रतिबंध को अन्य विभागों के लिए हटाने, लेकिन शिक्षा विभाग को इससे बाहर रखने पर नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा जिला मंत्री रामकिशन मीणा ,ने ज्ञापन में बताया कि 1 जनवरी से 10 जनवरी के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक को सभी विभागों के लिए हटाया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग में प्रतिबंध नहीं हटाया गया ऐसे में राजस्थान के प्रत्येक शिक्षक में रोज व्याप्त है। सरकार शिक्षकों के साथ भी अन्य कार्मिकों की तरह व्यवहार करते हुए स्थानांतरण में सदभावना पूर्वक विचार करते हुए छूट दे। संघ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार का यह निर्णय लाखों शिक्षकों के साथ भेदभावपूर्ण है और इससे सरकार की शिक्षा के प्रति नकारात्मक सोच उजागर होती है। संघ के कार्यकर्ताओं ने बताया कि राजस्थान में सबसे अधिक कार्मिक शिक्षा विभाग में हैं, फिर भी इस सबसे बड़े विभाग को बार-बार उपेक्षित किया जा रहा है। जिला संगठन मंत्री राजकुमार नेता वाला व जिला प्रवक्ता महेश खंडेलवाल ने बताया किसंघ के अनुसार, राज्य सरकार ने अपने गठन के बाद अन्य विभागों में दो बार स्थानांतरण किए हैं, लेकिन शिक्षा विभाग के शिक्षकों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इससे शिक्षकों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और शिक्षा विभाग में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में संघ ने मांग की है कि अन्य विभागों की तरह शिक्षा विभाग को भी स्थानांतरण छूट में शामिल किया जाए। संघ ने सरकार से समस्त संवर्गों के स्थानांतरण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है ताकि शिक्षकों के साथ न्याय हो सके और उनके हितों की रक्षा हो सके। संभाग संगठन मंत्री कालूराम मीणा व विभाग संगठन मंत्री अवधेश शर्मा ने बताया किसरकार के इस निर्णय से शिक्षकों में गहरी नाराजगी है। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। इस ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक संघ ने सरकार से शिक्षा विभाग के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की अपील की है।

## बालाजी के लगाया छप्पन भोग

**निवाई-** कृष्णा कॉलोनी स्थित दिव्य महादेव मंदिर में कृष्ण सखी महिला मंडल ने नव वर्ष पर भोलेनाथ व बालाजी के छप्पन भोग की झांकी सजाई। मंडल अध्यक्ष आशा जैन ने बताया कि मंडल कार्यकर्ताओं ने नववर्ष पर मंदिर में 56 भोग की झांकी सजाई। जिसके अंतर्गत मंडल की सभी महिला सदस्य अपने घर से दो-दो व्यंजन बनाकर लाई और भगवान के भोग लगाया। गुरूवार को सुबह सभी मंडल कार्यकर्ताओं ने भोलेनाथ का अभिषेक किया और बालाजी के चोला चढ़ावाया और भजन संध्या का आयोजन किया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को छप्पन भोग प्रसाद वितरित किया। इस दौरान मंडल की महिलों में भारी उत्साह देखा गया।

## प्रत्येक व्यक्ति मानव सेवा के साथ मनाएं अपना जन्म दिवस : संत श्रीराम अघोरी

- माँ भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर संत श्रीराम अघोरी के जन्म दिवस पर हुए मानव सेवा के कार्य

**निवाई।** गांव काटोली में स्थित माँ भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर संत के सानिध्य में करीब 11 हजार महिलाओं को शॉल व क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को तौलिया वितरित करके सम्मानित किया गया।

माँ भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपना जन्म दिवस मानव सेवा के साथ मनाएं। समाज के लिए यह एक अनोखी पहल साबित होगी। उन्होंने कहा कि मानव सेवा भी ईश्वर की सच्ची सेवा व पुण्य का कार्य है।

श्रद्धालु रामसहाय मीणा किवाडा व दशरथसिंह नोहटा ने बताया कि माँ भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज के जन्म दिवस पर कई धार्मिक व मानव सेवा के कार्य किए गए। उन्होंने बताया कि आश्रम काटोली में भजन संध्या व मीणा गीतों का आयोजन हुआ। जिसमें गायक कानाराम मीणा थली, कालूराम देवता, सुरेश सोनदा, मुकेश नेता, कमलेश कर्षण व कैलाशचन्द द्वारा कई भजनों की प्रस्तुतियां दी।

उन्होंने बताया कि संत श्रीराम अघोरी द्वारा पहले भी 161 बेटियों की शादी के लिए 2 करोड़ 61 लाख रूपए का सहयोग किया था। गौमाता के लिए लंपी रोग में करीब 10 लाख रुपये की लागत का चारा व दवाई वितरित की गई थी। कोरोना काल में भी सैंकड़ों लोगों की मदद करने सहित कई मानव सेवा के कार्य किए है।

इस दौरान हरभांवता आश्रम के संत बालकानंद महाराज, घाटा करिरीया के संत कर्मानंद महाराज व विश्व प्रसिद्ध कथावाचक विष्णुशरण महाराज माँ भद्रकाली मंदिर कांटोली पहुंचकर श्रीराम अघोरी को बधाई दी। इस अवसर पर मदन रामनगर, महेंद्र कांटोली, सुनील जाट नोहटा, अनिल बागड़ी, रामसहाय मीणा, दशरथसिंह, विकास कांटोली, केदार जीवली व अशोक रावत सहित सैकड़ों ठामीण मौजूद थे।

## टोंक में माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**चौरु/उनियारा।** टोंक जिला माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह के कार्यक्रम को लेकर उनियारा माली समाज के शहर अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री सैनी माली महासभा तेजपाल सैनी व समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी से पोस्टर विमोचन करवाया एवं 19 जनवरी 2025 रविवार को टोंक माली समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में आने का आमंत्रित किया एवं तेजपाल सैनी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित होने का मौका मिलना चाहिए, यह कार्यक्रम समाज के होनहार प्रतिभाओं का कार्यक्रम है इसमें समाज के युवाओं को मोटिवेट करने के लिए समाज के वरिष्ठ अनुभवी अतिथिगण व्यवसायिक, शिक्षा के क्षेत्र सामाजिक क्षेत्र रोजगार से संबंधित अतिथियों द्वारा ज्यादा से ज्यादा युवा पीढ़ी को कुछ सीखने का कार्यक्रम में मौका मिलना चाहिए साथ ही कहा कि प्रोठााम की तैयारी जोरों शोरों से कीजिए ऐसे कार्यक्रम के आयोजन होने से कई प्रतिभाओं को सम्मानित होने का मौका मिलेगा जिससे समाज में छिपी हुई कई प्रतिभाओं की प्रतिभा निकाल कर सामने आएगी और उनका मनोबल बढ़ेगा । समाज की युवा पीढ़ी ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे और कई प्रतिभाएं मंच पर आएगी इस तरह के प्रोठााम समय-समय पर होते रहना चाहिए जिससे प्रतिभावान छात्र-छात्रा एवं उत्कृष्ट प्रतिभाओ प्रोत्साहन मिलेगा। टोंक से आए हुए समाज के सदर अध्यक्ष अखिलेश सैनी, पूर्व सदर अध्यक्ष शंकर धूवरिया, संरक्षक राम प्रसाद बागड़ी, ठााम पंचायत परसोटिया सरपंच शंकर कच्छावा ,सम्राट अशोक सेना जिला अध्यक्ष लालचंद बागडी, रामपाल बाबा, टोनी सैनी, कमलेश सैनी उर्फ ठाकुर सोलंकी आदि कहीं पदाधिकारी टोंक से आकर उनियारा के पदाधिकारी को टोंक प्रतियोगिता प्रतिभा सम्मान समारोह के कार्यक्रम में आने का न्योता दिया उनियारा से मौजूद शहर अध्यक्ष तेजपाल सैनी, सैनी अधिकारी कर्मचारी यूनियन तहसील अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी , तहसील उपा अध्यक्ष अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी ,कमलेश सैनी, दुर्गा शंकर सैनी,लोकेश सैनी, राजू सैनी मीडिया प्रभारी अशोक सैनी आदि कई मौजूद थे ।



प्रदेश महामंत्री सैनी माली ( बीच में ) की मौजूदगी में प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

## सिक्किम राज्यपाल माथुर को जन्मदिन की बधाई

**किशनगढ़ बास।** सिक्किम के महामहिम राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर को खैरथल तिजारा जिले की किशनगढ़ बास विधानसभा के पूर्व विधायक रामहेत यादव ने राजभवन पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी ओर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक रामहेत यादव के साथ युवा भाजपा नेता दीपचंद यादव विनोद गोयल दोला राम सौराज दायमा सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

जन्मदिन की बधाई देने सिक्किम राजभवन पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत यादव ने महामहिम राज्यपाल व अपने राजनीतिक गुरु ओम प्रकाश माथुर का आशीर्वाद लिया। माथुर ने पूर्व विधायक यादव को गले लगाया और नव वर्ष की बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। इसके बाद पूर्व विधायक यादव व उनके साथ में गए मित्र जनों को माथुर वहां के प्रसिद्ध हनुमान जी के मंदिर लेकर गए जहां सभी ने दर्शन कर पूजा की। इस मौके पर महामहिम राज्यपाल ओम माथुर के जन्मदिन पर राजभवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें सिक्किम के मुख्यमंत्री सहित मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी राज्यपाल को बधाई देने पहुंचे।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सौंपा एडीएम को ज्ञापन

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश के आ ान पर संगठन के जिला संगठन मंत्री गोकुल कुमार जांगिड़ एवम् जिला मंत्री चरणजीत सिंह के नेतृत्व में नीमकाथाना के मुख्यालय पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख को मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिला संगठन मंत्री गोकुल कुमार जांगिड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में लंबे समय से स्थानांतरण की मांग को देखते हुए 01 से 10 जनवरी के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक हटाते हुए शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों के कार्मिकों के स्थानांतरण करने का निर्णय लिया है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सरकार की इस भेदभाव पूर्ण नीति को शिक्षकों के प्रति उपेक्षापूर्ण बताया है। संगठन की महिला मंत्री सारिका यादव, अनिता मान और विनीता वर्मा ने कहा कि सरकार ने वर्तमान में शिक्षा विभाग को छोड़कर स्थानांतरण करने का निर्णय लिया है जो प्रदेश के लाखों शिक्षकों के प्रति भेदभाव पूर्ण और सरकार का शिक्षा को लेकर उपेक्षित भाव प्रकट होता है। सरकार ने पूर्व में भी सरकार गठन के बाद अन्य सभी विभागों मे स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर 2 बार स्थानांतरण किये है थे तब भी और अभी भी शिक्षा विभाग की उपेक्षा की गई है । शिक्षा विभाग सबसे बड़ा विभाग होते हुए भी लगातार शिक्षकों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से संपूर्ण शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।सरकार को अविलंब शिक्षा विभाग मे अधिकारीयों से लेकर सभी संवर्गों के स्थानांतरण करने की संगठन मांग करता है। संगठन के द्वारा गुरुवार 2 जनवरी 2025 को प्रदेश के नीमकाथाना मुख्यालयों पर स्थानांतरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। जिला संगठन मंत्री गोकुल कुमार जांगिड़ ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पूर्व तथा पश्चात शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों में स्थानांतरण किए गए परन्तु शिक्षा विभाग मे स्थानांतरण नहीं करते हुए यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि शिक्षा विभाग के साथ भेदभाव किया जा रहा है।आज प्रदेश में शिक्षण व्यवस्था के नाम पर एक जिले से दूसरे जिले में सैकड़ो की संख्या में प्रति नियुक्ति की जा रही है जिनका वास्तव में शिक्षण व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है।